अति.आवश्यक

# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 15(10)एल–11/गोप्र/प्रमुवसं–06263 पार्ट 2/2-38/C दिनांक : 03.01.2024

निमित

उप वन संरक्षक, उदयपुर (उत्तर)/चित्तौडगढ़/प्रतापगढ़/जयपुर (उत्तर)/अलवर/बारां/बून्दी/झालावाड़/अजमेर/भीलवाड़ा/करौली/धौलपुर/बीकानेर/इ.गा.न.परि. स्टेज द्वितीय बीकानेर/इ.गा.न.परि. छतरगढ़/श्रीगंगानगर/जालौर/जैसलमेर/बाड़मेर/सिरोही/इ.गा.न.प. स्टेज द्वितीय जैसलमेर।
उप वन संरक्षक, वन्यजीव, जयपुर/वन्यजीव जोधपुर/वन्यजीव जैसलमेर/वन्यजीव बीकानेर/वन्यजीव माउण्ट आबू (सिरोही)/मुकन्दरा राष्ट्रीय उद्यान कोटा/उवसं वन्यजीव राष्ट्रीय चम्बल अभ्यारण, धौलपुर/वन्यजीव कोटा/वन्यजीव चितौडगढ/वन्यजीव राजसमन्द/विकाम स्टेज द्वितीय बीकानेर
उप वन संरक्षक, उदयपुर/डूंगरपुर/बांसवाडा/प्रतापगढ/वन्यजीव उदयपुर।

विषय :– वनरक्षक/सहायक वनपाल से संबंधित डाटाबेस के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि इस कार्यालय के पत्रांक एफ 15 (10)/एल–10/गोप्र/प्रमुवसं/7832–7944/सी दिनांक 12.09.2023 के द्वारा बिन्दु संख्या 3(ब) में वांछित सूचना (वनरक्षक सीधी भर्ती परीक्षा वर्ष 2011/2013/2015 TSP/NTSP) के क्रम में आपके द्वारा दिनांक 03.10.2023 से 18.10.2023 तक इस कार्यालय में आयोजित बैठक में सूचना हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी में प्रेषित की गई थी।

उक्त बिन्दु संख्या 3(ब) सूचना के भाग **सीधी भर्ती परीक्षा वर्ष 2015, NTSP** के अवलोकन/परीक्षण करने पर पाया गया है कि आपके द्वारा प्रेषित सूचना त्रुटिपूर्ण/अपूर्ण/विरोधाभासी है। उदाहरणार्थ उप वन संरक्षक, इ.गा.न.परि.छत्तरगढ़ ने श्री धनराज को कुल 20 अंक, उप वन संरक्षक वन्य जीव, मुकन्दरा राष्ट्रीय उद्यान कोटा ने श्री हेमन्त सिंह नरूका को साक्षात्कार में 675 अंक एवं कुल 763 अंक, उप वन संरक्षक, वन्य जीव चित्तौडगढ़ ने श्री राहुल गवारिया को साक्षात्कार में 5375 अंक एवं कुल 5347 अंक, उप वन संरक्षक, वन्य जीव राजसमन्द ने श्री सुरेन्द्र कुमार सैनी को साक्षात्कार में 53375 अंक एवं कुल 53471 अंक एवं सुश्री सीमा कुमावत को कुल 20 अंक, उप वन संरक्षक राष्ट्रीय चम्बल अभ्यारण्य धौलपुर ने श्री गिर्राज प्रसाद एवं श्री अजय कुमार को साक्षात्कार में 675 अंक एवं कुल 761, श्री पवन सिंह चौधरी, श्री राजेश कुमार, श्री कैलाश नारायण को साक्षात्कार में 575 अंक एवं कुल 657 अंक श्री कपिल, श्री कुलदीप चौधरी को साक्षात्कार में 525 अंक एवं योग 607 अंक, श्री धर्मेन्द्र कुमार को लिखित परीक्षा में A, मापतोल एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा में 20 अंक, साक्षात्कार में A अंक प्राप्त होने का उल्लेख किया गया है। उप वन संरक्षक, वन्यजीव, राजसमन्द ने हार्ड कॉपी में साक्षात्कार में बुलाये गये अभ्यर्थियों की संख्या 925 का उल्लेख किया गया है परंतु साफ्ट कॉपी में 924 अभ्यर्थियों का विवरण है। उप वन संरक्षक राष्ट्रीय चम्बल अभ्यारण्य धौलपुर ने अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियो की संख्या 48 का उल्लेख किया गया है परंतु 49 अभ्यर्थियों के सम्मुख हाँ अंकित किया गया है।

इसी प्रकार **सीधी भर्ती परीक्षा वर्ष 2015, TSP** के अवलोकन/परीक्षण करने पर पाया गया है कि आपके द्वारा प्रेषित सूचना त्रुटिपूर्ण/अपूर्ण/विरोधाभासी है। उदाहरणार्थ उप वन संरक्षक, वन्यजीव, उदयपुर ने हार्ड कॉपी में साक्षात्कार में बुलाये गये अभ्यर्थियों की संख्या 124 का उल्लेख किया गया है परंतु साफ्ट कॉपी में 123 अभ्यर्थियों का विवरण है।

उप वन संरक्षक, बारां द्वारा प्रेषित सॉफ्ट कॉपी इस कार्यालय द्वारा प्रेषित दिशा निर्देशों के अनुरूप नहीं है।

इसके अतिरिक्त हार्ड/सॉफ्ट कॉपी में अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की संख्या में भी विरोधाभास पाया गया है। जिसका विवरण Rajasthan Forest Officers ग्रुप में दिनांक 27.12.2023 को प्रेषित किया जा चुका है।

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि आपको स्पष्ट निर्देश देने के उपरांत भी आपके द्वारा सूचना प्रेषित करने से पूर्व सूचनाओं का अवलोकन/परीक्षण नहीं कर केवल औपचारिकता पूरी करते हुए सूचना इस कार्यालय को प्रेषित कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली है। उक्त सूचनाओं की त्रुटियों को तत्काल सही करने की अत्यन्त आवश्यकता है।

अतः इस कार्यालय के पत्रांक एफ 15 (10)/एल–10/ गोप्र/प्रमुवसं/ 7832–7944/सी दिनांक 12.09.2023 के द्वारा बिन्दु संख्या 3(ब) में वांछित सूचना **हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी सीधी भर्ती परीक्षा वर्ष 2015, TSP/NTSP** का प्रमाणिक दस्तावेज से गहनतापूर्वक परीक्षण कर लेवे ताकि किसी भी अभ्यर्थी के प्राप्तांकों/विवरण में कोई त्रुटि ना हो एवं हार्डकॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी में भी कोई विरोधाभास न हो।

**इस कार्यालय के पत्रांक 8899–8925/सी दिनांक 22.12.2023 द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों का गहनतापूर्वक अवलोकन कर आयोजित बैठक एवं राजकीय ई–मेल dcfnz.estt.forest@rajasthan.gov.in में सही सूचना (हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी संलग्न दिशा–निर्देश के अनुसार)** प्रेषित करें। आप द्वारा प्रेषित सूचना में किसी प्रकार की कोई त्रुटि होने पर आप स्वयं व्यक्तिशः जिम्मेदार होगें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(अरिजीत बनर्जी)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशासन)
राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 15(10)एल–11/गोप्र/प्रमुवसं–06263 पार्ट 2/ दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. मुख्य वन संरक्षक, जयपुर/अजमेर/कोटा/उदयपुर/जोधपुर/बीकानेर/भरतपुर।
2. मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) जोधपुर/(वन्यजीव) उदयपुर।
3. मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, रणथम्भौर (सवाईमाधोपुर)/सरिस्का (अलवर)/मुकन्दरा (कोटा)।
4. मुख्य वन संरक्षक, विभागीय कार्य, जयपुर।
5. उप वन संरक्षक सूचना एवं प्रौद्योगिकी कार्यालय हाजा को विभागीय वेब साईट पर प्रकाशन हेतु।

(बृज मोहन गुप्ता)
उप वन संरक्षक (अराज.प्रस्था.)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक राजस्थान, जयपुर

# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) राजस्थान, जयपुर

## दिशा–निर्देश

विषय :– वन रक्षक / सहायक वनपाल से संबंधित डाटाबेस के संबंध में दिशा निर्देश।

1. सूचना हार्ड–कॉपी एवं सॉफ्ट–कॉपी में सारणी **MS. Excel, Landscape** में तैयार करनी है।
2. हिन्दी के लिए **फोन्ट DevLys 010**, साईज 14 व अंग्रेजी के लिए फोन्ट Times New Roman, साईज 14 का प्रयोग करें।
3. कॉलम संख्या 3 में **उ.व.सं.........................** अंकित करना है।
4. कॉलम संख्या 4 एवं 5 में नाम से पूर्व **श्री / श्रीमती / सुश्री** अंकित **नहीं** करें।
5. **अंकों (क्रम संख्या, दिनांक आदि) के लिए अंग्रेजी फोन्ट का प्रयोग करें।**
6. कॉलम संख्या 7 एवं 8 में प्राप्तांक पूर्ण अंकों में लिखे जावे जैसाकि 78 ना कि 78.00 एवं 20 ना कि 20.00 अंकित किया जावें।
7. कॉलम संख्या 8 में मापतोल एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को 20 अंक का उल्लेख करें।
8. साक्षात्कार में अनुपस्थित अभ्यर्थियों को कॉलम संख्या 9 में Absent लिखा जावे एवं इस कॉलम को सॉफ्ट कॉपी में हाईलाईट (**Fill Color-Yellow**) कर दिया जावे।
9. कॉलम संख्या 9 एवं 10 में वास्तविक अंक दशमलव सहित लिखे।
10. कॉलम संख्या 7, 8, 9 में उल्लेखित प्राप्तांकों का योग कॉलम संख्या 10 में **फार्मूला** (Sum) से अंकित करें।
11. कॉलम संख्या 11 में Yes/No अंकित करें।
12. कॉलम संख्या 12 एवं 13 में **SC/ST/OBC/SBC/Sahariya/UR** अंकित करें।

**हार्डकॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी में सूचना प्रमाणिक दस्तावेजों के अनुरूप होना एवं हार्डकॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी में भी कोई विरोधाभास न होना सुनिश्चित करें।**

**मुख्य वन संरक्षक समस्त अधीनस्थ कार्यालयों की सूचना एक पैन ड्राईव में संकलित रूप से लेकर आवे।**